भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. - 52*

04 फरवरी, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

मध्य प्रदेश में आयुष विश्वविद्यालय

*52. श्री ज्ञानेश्वर पाटील:
श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मध्य प्रदेश में कुछ आयुष विश्वविद्यालयों की स्थापना करने की प्रक्रिया चल रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ये किन-किन स्थानों पर स्थित हैं;

(ख) क्या मध्य प्रदेश में नए आयुष विश्वविद्यालयों की स्थापना करने हेतु कोई योजना विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ये किन-किन स्थानों पर स्थित हैं;

(ग) क्या भविष्य में खंडवा-बुरहानपुर तथा खरगोन-बदवानी जनजातीय-बहुल क्षेत्रों में आयुष विश्वविद्यालयों की स्थापना करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त क्षेत्रों में आयुष विश्वविद्यालयों की स्थापना कब तक किए जाने की संभावना है तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>**उत्तर**</u>

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

लोक सभा में 04 फरवरी, 2022 को पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 52* के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

- केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना संसद के अधिनियम द्वारा की जाती है।
- राज्य विश्वविद्यालयों और राज्य निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना संबंधित राज्य विधायिका के अधिनियम द्वारा की जाती है।
- उच्चतर शिक्षा संस्थानों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अंतर्गत, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सलाह पर, भारत सरकार द्वारा मानित विश्वविद्यालय घोषित किया जाता है।
- किसी विश्वविद्यालय का नाम संसद/संबंधित राज्य विधायिका द्वारा पारित अधिनियम के प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा रखी गई विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल किया जाता है।

वर्तमान में मध्य प्रदेश में कुल उनसठ (59) आयुष मेडिकल कॉलेज कार्य कर रहे हैं जिनमें 07 सरकारी आयुर्वेदिक कॉलेज, 01 सरकारी यूनानी कॉलेज और 01 होम्योपैथी कॉलेज शामिल हैं। विवरण निम्नानुसार है:

आयुर्वेद संस्थानों की संख्या	यूनानी संस्थानों की संख्या	सिद्ध संस्थानों की संख्या	होम्योपैथी संस्थानों की संख्या	सोवा रिग्पा संस्थानों की संख्या	योग और प्राकृतिक चिकित्सा संस्थानों की संख्या
27	04	0	25	0	03

- मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर (चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय) मध्य प्रदेश राज्य में सभी चिकित्सा, दंत चिकित्सा, नर्सिंग, पैरामेडिकल, आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और योग कॉलेजों के लिए विश्वविद्यालय और शासी निकाय है।
- विश्वविद्यालय को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचित अधिनियम के तहत बनाया गया है।
- सभी सरकारी आयुष कॉलेज और अधिकांश निजी आयुष कॉलेज मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर से संबद्ध हैं।

*****